# कार्यालय समन्वयक PTET-2024
# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

**अधिसूचना संख्या: 01/2024 दिनांक: 05.03.2024**

राजस्थान के विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित 2 वर्षीय बी.एड., 4 वर्षीय इन्टीग्रेटेड बी.ए.बी.एड. एवं बी.एस.सी.बी.एड. पाठ्यक्रमों में सत्र 2024-25 प्रवेश हेतु राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् एवं राज्य सरकार के नियमानुसार प्री-टीचर एज्यूकेशन टेस्ट (पीटीईटी-2024) एवं बी.ए बी.एड./बी.एस.सी. बी.एड. टेस्ट-2024 के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

**पात्रता :-**

**प्री टीचर एज्यूकेशन टेस्ट (पीटीईटी-2024)** : विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय की स्नातक/ स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण जो राजस्थान राज्य के विश्वविद्यालयों की स्नातक/ स्नातकोत्तर परीक्षा के समतुल्य मानी गई हो एवं पीटीईटी-2024 की वेबसाईट पर उपलबध दिशा निर्देशिका में उल्लेखित प्रवेश अर्हताओं की पूर्ति करने वाले अभ्यर्थी आवेदन हेतु पात्र हैं। स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा में राज्य सरकार के नियमों के अनुरूप अनारक्षित वर्ग एवं आर्थिक पिछड़ा वर्ग (EWS) हेतु न्यूनतम 50 प्रतिशत एवं राजस्थान के अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/विशेष पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग तथा विधवा/तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं।

**प्री बी.ए.बी.एड./बी.एससी. बीएड, टेस्ट 2024 :** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान से सीनियर सेकेण्डरी (10+2) अथवा समकक्ष परीक्षा में राज्य सरकार के नियमों के अनुरूप अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों एवं आर्थिक पिछडा वर्ग (EWS) हेतु न्यूनतम 50 प्रतिशत एवं राजस्थान के अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विशेष पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग तथा विधवा/ तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं। उपरोक्त दोनों परीक्षाओं हेतु वांछित न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत गणना में एक अंक भी कम स्वीकार्य नहीं होगा एवं ऐसा होना आवेदक की अभ्यर्थिता को निरस्त करने का पर्याप्त कारण होगा। पात्रता परीक्षा में इस वर्ष बैठने वाले विद्यार्थी भी पीटीईटी-2024 एवं बी.ए. बी.एड./बी.एससी. बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2024 के लिए आवेदन कर सकते हैं बशर्ते उनके काउन्सलिंग में भाग लेने के लिए काउन्सलिंग रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि तक प्रवेश हेतु पात्रता प्रदान करने वाली परीक्षा का परिणाम पात्रता प्राप्तांक सहित आ चुका हो तथा अंकतालिका पात्रता प्राप्तांक सहित उनके पास हो। यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे अभ्यर्थियों से महाविद्यालय में रिपोर्टिंग के समय अन्य किसी प्रकार का प्रोविजनल प्रमाण-पत्र अथवा समाचार पत्र में घोषित परिणाम या इंटरनेट से जारी अंकतालिका आदि स्वीकार नहीं किये जायेंगे एवं काउन्सलिंग रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि के पश्चात् पात्रता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी भी इस सत्र में प्रवेश हेतु पात्र नहीं माने जायेंगे चाहे कारण कोई भी रहा हो। आवेदन एवं प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियों निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | विवरण | महत्वपूर्ण तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन-पत्रों की उपलब्धता | 06 मार्च, 2024 |
| 2 | परीक्षा शुल्क एवं आवेदन की अन्तिम तिथि | 31 मार्च, 2024 |
| 3 | प्रवेश परीक्षा | 09 जून, 2024 |

**आरक्षण :** राजस्थान राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, विकलाग सैनिकों व उनके आश्रितों, तलाकशुदा/विधवा महिलाओं व टाडा, माडा सहरिया क्षेत्र (सहरिया जाति) के निवासियों आर्थिक पिछड़ा वर्ग (EWS) को राज्य सरकार के नियमानुसार सीटों में आरक्षण उपलब्ध होगा। विस्तृत दिशा-निर्देश एवं अन्य सूचनाएँ वेबसाईट पर उपलब्ध है, आवेदक आवेदन करने से पूर्व उनका गहन अध्ययन करें। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं विस्तृत दिशा निर्देश वेबसाईट www.ptetvmou2024.com पर उपलब्ध होंगे।

**आवेदन प्रक्रिया :- Online Application Form** उपर्युक्त वर्णित वेबसाईट के माध्यम से लिए जाएंगे, जिन्हें अभ्यर्थी स्वयं कम्प्यूटर या ई-मित्र द्वारा भर सकेंगे। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पूर्व वेबसाईट पर उपलब्ध दिशा निर्देशों को भली भाँति पढ़ लेवें। हाथ से भरे गये आवेदन-पत्र किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क राशि रु. 500/- का भुगतान ऑनलाइन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड//नेट बैंकिंग अथवा ई-मित्र से कर सकेंगे तथा सफलतापूर्वक ऑनलाइन भुगतान के पश्चात् अपने आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी प्रिन्ट कर सकेंगे। यदि अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क का भुगतान नकद करना चाहते हैं तो ये फॉर्म भरने के बाद प्राप्त पेमेन्ट इन्वाईस के माध्यम से ई-मित्र की किसी भी शाखा में नकद जमा करवा सकेंगे। ई-मित्र के किसी भी काउन्टर में शुल्क जमा करवाने के अगले दिन अपने आवेदन पत्र का प्रिन्ट प्राप्त कर सकेंगे।

ऑनलाइन भुगतान अथवा चालान के द्वारा आवेदन शुल्क जमा करवाने के पश्चात् भी यदि आवेदन पत्र का प्रिन्ट नहीं निकलता है तो निर्धारित अवधि में कार्यालय के दूरभाष (0744-2471156) या ईमेल (ptet2024@vmou.ac.in ) पर सम्पर्क करें।

**ऑनलाइन आवेदन पत्र :-** ऑनलाइन आवेदन पत्र अत्यन्त सावधानीपूर्वक भरकर उनका प्रिन्ट लें एवं परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड प्रति एवं आवश्यक प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति अपने पास सुरक्षित संभाल कर रख लें जिन्हें काउंसलिंग के उपरान्त आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश के समय जमा करवाना आवश्यक है। ऑनलाइन आवेदन के समय चयन किये गये जिलों पर ही परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जायेगा। परीक्षा केन्द्र आवंटन में समन्वयक, पी.टी.ई.टी. -2024 का निर्णय अन्तिम होगा।

नोट :- परीक्षार्थी अपना मोबाईल नम्बर सही भरें ताकि परीक्षा संबंधित सूचना एस.एम.एस. (SMS) के माध्यम से संबंधित मोबाईल नम्बर पर यथासंभव दी जा सके।

**समन्वयक** ,पी.टी.ई.टी.-2024

# प्री टीचर एजुकेशन टेस्ट (पी.टी.ई.टी.) – 2024

दिनाँक: 30-03-2024

अधिसूचना - 2/2024

## 2 वर्षीय बी.एड. एवं 4 वर्षीय बी.ए.बी.एड./बी.एससी.बी.एड. प्रवेश परीक्षा

राजस्थान के विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित 2 वर्षीय बी.एड.एवं 4 वर्षीय बी.ए.बी.एड./ बी.एससी.बी.एड. पाठ्यक्रमों में सत्र् 2024-25 प्रवेश हेतु राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् एवं राज्य सरकार के नियमानुसार पात्र अभ्यर्थियों से वेबसाइट **ptetvmou2024.com** पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं । इस सम्बन्ध में अभ्यर्थी से अपेक्षा है कि आवेदन से पूर्व उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों का अध्ययन कर लेवें ।

| क्र.सं. | विवरण | महत्त्वपूर्ण तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1. | पूर्व में निर्धारित अंतिम तिथि | 31.03.2024 |
| 2. | आवेदन की नवीन अंतिम तिथि | 15.04.2024 |
| 3. | प्रवेश परीक्षा तिथि | 09.06.2024 |

**प्रवेश परीक्षा शुल्क रु. 500/-**

**समन्वयक, पी.टी.ई.टी. - 2024**

**दूरभाष - 0744-2471156**

